# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पॉलीथीन मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागरूकता जरूरी

**जनजागरूकता रैली**

## पॉलीथीन मुक्त ग्रीन दून जनजागरूकता रैली को सीएम ने किया फ्लैग ऑफ

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को सचिवालय में पॉलीथीन मुक्त ग्रीन दून हेतु सचिवालय के अधिकारियों की जन जागरूकता रेली को फ्लैग ऑफ किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि पॉलीथीन मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागरूकता जरूरी है। सचिवालय के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा पॉलीथीन मुक्त ग्रीन दून हेतु जनजागरूकता के लिए जो पैदल यात्रा की जा रही है, इसके आने वाले समय में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 05 नवम्बर को देहरादून को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जो मानव श्रृंखला बनाई जायेगी। यह मानव श्रृंखला 50 किमी की होगी, जिसमें एक लाख से अधिक लोग प्रतिभाग करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत के लिए देशवासियों से जो आह्वाहन किया है, इसमें हम सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।



सीएम पॉलीथीन मुक्त ग्रीन दून जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि 16 जुलाई, 2020 को हरेला पर्व के अवसर पर पूरे राज्य में एक ही दिन वृक्षारोपण किया जायेगा। हमारा प्रयास है कि इसके बाद हर हरेला पर्व पर सिर्फ एक घण्टे में पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण हो। पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता पर व्यापक स्तर पर जन जागरूकता की जरूरत है। इसके लिए स्कूलों में प्रति सप्ताह स्वच्छता व पॉलीथीन मुक्ति पर 05 मिनट का उद्बोधन हो। आज प्लास्टिक का इस्तेमाल सामाजिक बुराई बन गई है। पॉलीथीन मुक्त देहरादून के लिए नगर निगम देहरादून द्वारा जो अभियान चलाया जा रहा है, इसके काफी अच्छे परिणाम मिल रहे हैं, देहरादून को जल्द ही पूर्णतः पॉलीथीन मुक्त करने के लिए जन सहयोग जरूरी है।

मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि देहरादून से प्लास्टिक को हमेशा समाप्त करने के लिए नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप प्लास्टिक के उपयोग में 50 से 60 प्रतिशत तक की कमी आई है। जन सहयोग से जल्द देहरादून को पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त किया जायेगा।

इस अवसर पर विधायक गणेश जोशी, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, नगर आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय व सचिवालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### उत्तराखंड सरकार ने 2 नवंबर को छठ पूजा पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने 02 नवंबर को छठ पूजा पर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। छठ पूजा पर बैंक, कोषागार और उपकोषागारों में भी अवकाश रहेगा। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने छठ पूजा पर प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। छठ पूजा के अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि "सूर्योपासना का यह पर्व हमें प्रकृति से जुड़ने का संदेश देता है। सूर्य की आराधना प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधनों की आराधना हैं। सूर्य इस विश्व के लिये जीवनदायी ऊर्जा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि लोक आस्था से जुड़ा यह महापर्व हमें सात्विकता तथा स्वच्छता का भी संदेश देता है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने इस पर्व पर सभी की सुख–समृद्धि की भी कामना की है।

### स्व. रामपाल मेमोरियल क्रिकेट लीग का आयोजन सात नवंबर से

**संवाददाता** देहरादून। गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी निहाशिका क्रिकेट अकादमी की ओर से स्व.रामपाल मेमोरियल क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देहरादून की 16 टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन 6 नवंबर को होगा। प्रतियोगिता 7 दिसम्बर तक चलेगी। उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए निहाशिका क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष भारत कुमार ने बताया कि गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी निहाशिका क्रिकेट अकादमी के तत्वावधन में स्व.रामपाल मेमोरियल क्रिकेट लीग का आयोजन होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 6 नवंबर को होगा। जिसका फाइनल मैच 7 दिसम्बर को होगा। प्रतियोगिता में देहरादून से 16 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। ये प्रतियोगिता प्रेमनगर स्थित रामराज क्रिकेट अकादमी के मैदान में खेली जाएगी। प्रतियोगिता के सभी मैच 50–50 ओवर के होंगे।

### पूर्व महापौर की पत्नी पर खेला कांग्रेस ने दांव

**संवाददाता** रुड़की। कांग्रेस की ओर से पूर्व महापौर यशपाल राणा पर ही एक बार फिर दांव खेला गया है। इस बार उनकी पत्नी को मेयर प्रत्याशी घोषित किया गया है। यशपाल राणा पिछले चुनाव में बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे और जीत हासिल की थी। इसके बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उनको हरीश रावत का बेहद करीबी माना जाता है इतना ही नहीं पूर्व सीएम सलाहकार रणजीत सिंह रावत भी उनके बेहद करीबी रहे हैं। इस बार उनकी पत्नी श्रेष्ठा राणा चुनाव मैदान में हैं। पार्टी हाईकमान ने भी उन पर ही विश्वास जताया है।

# राजाजी व जिम कॉर्बेट पार्क के बुकिंग केंद्र सार्वजनिक स्थलों पर खोले जाएं

**स्वागत**

**संवाददाता**

हरिद्वार। उत्तराखंड सरकार के वन एवं पर्यावरण, आयुष, श्रम सेवायोजन, कौशल विकास, होम्योपैथिक आयुष शिक्षा मंत्री डॉ हरक सिंह रावत के हरिद्वार आगमन पर पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष संजय चोपड़ा की अगुवाई में देहरादून मार्ग स्थित एक होटल में पुष्पगुच्छ देकर कैबिनेट डॉ हरक सिंह रावत का स्वागत किया।



कैबिनेट मंत्री हरक सिंह का स्वागत करते हुए।

स्वागत के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ हरक सिंह रावत के जन्मदिवस पर ढेर सारी शुभकामनाएं व बधाई दी।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ हरक सिंह रावत से मांग की राजाजी नेशनल पार्क, जिम कॉर्बेट की बुकिंग सिस्टम के कैंप कार्यालय धर्मनगरी हरिद्वार में सार्वजनिक स्थलो रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, हर की पौड़ी के नजदीक, मनसा देवी, चंडी देवी शहरी क्षेत्र के मुख्य चौराहों पर खोले जाएं ,ताकि राज्य सरकार की जंगल सफारी पर्यटन योजना लाभ देश–विदेश के सैलानी, पर्यटक को आसानी से बुकिंग हो सके और साथ ही स्थानीय युवा बेरोजगारों को रोजगार भी राज्य सरकार के संरक्षण में अर्जित हो सके।



शहीद वीर केसरी चन्द की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते सीएम।

## जयंती पर याद किए गए वीर केसरी चंद

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को वीर केसरी चन्द की जयंती के अवसर पर गांधी पार्क में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने जब आजाद हिन्द फौज की स्थापना की तो उत्तराखण्ड से अनेक रणबांकुरो ने इस सेना की सदस्यता लेकर देश की रक्षा की ठानी। उत्तराखण्ड के वीर सपूत केसरी चन्द ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस एवं शहीद दुर्गामल की मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विधायक गणेश जोशी एवं खजान दास भी उपस्थित थे।

# हरीश रावत के मामले में हाईकोर्ट ने सीबीआई को जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए

**संवाददाता**

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने विधायकों की कथित खरीद–फरोख्त के स्टिंग मामले में दर्ज एफआईआर को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। रावत ने प्राथमिकी निरस्त करने की मांग की है। कोर्ट ने इस मामले में सीबीआई को जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की एकलपीठ में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अगली तिथि सात जनवरी नियत कर दी है। सुनवाई के दौरान पूर्व सीएम रावत ने सीबीआई द्वारा उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देते हुए कहा है सीबीआई

### रावत ने प्राथमिकी निरस्त करने की मांग की

को एफआईआर दर्ज करने का अधिकार नहीं है। जिस पर कोर्ट ने सीबीआई को इस पर जवाब देने को कहा है। सीबीआई ने इस मामले में रावत के साथ ही न्यूज चैनल संचालक तथा वन मंत्री डॉ हरक सिंह रावत के खिलाफ मामला दर्ज किया है। 2016 में कांग्रेस विधायकों की बगावत का बाद तत्कालीन कांग्रेस सरकार का सियासी संकट शुरू हुआ था।

स्टिंग मामले की राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्यपाल द्वारा सीबीआई जांच की संस्तुति केंद्र सरकार को भेजी थी। पहले हाईकोर्ट व फिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से



राष्ट्रपति शासन लगाने का आदेश निरस्त हुआ और बर्खास्त रावत सरकार बहाल हुई तो मुख्यमंत्री की गैरमौजूदगी में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री इंदिरा हृदयेश की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में स्टिंग मामले की सीबीआई से जांच हटाकर एसआइटी जांच कराने का फैसला लिया। इस फैसले को डॉ हरक सिंह रावत ने चुनौती दी थी।

# मुख्यमंत्री दरबार में पहुंची एनएचएम घोटाले की फाइल

**संवाददाता** देहरादून। नेशनल रूरल हेल्थ मिशन (एनआरएचएम) में हुए दवा वितरण घोटाले में अब आरोपित सात स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ सीबीआइ जांच की कार्रवाई को लेकर फाइल फिर से मुख्यमंत्री कार्यालय भेज दी गई है। सीबीआइ द्वारा इस संबंध में भेजे गए रिमाइंडर के बाद अब स्वास्थ्य विभाग के साथ ही गृह विभाग में पूर्व में तैयार की गई पत्रावलियों को भी संलग्न किया गया है।

माना जा रहा है कि जल्द ही मुख्यमंत्री इस मसले पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर कोई निर्णय ले सकते हैं। उत्तराखंड में एनआरएचम घोटाले में आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई का मसला गरमाया हुआ है। दरअसल यह मामला सबसे पहले तब सामने आया था जब वर्ष 2010 में रुड़की के एक नाले में काफी मात्रा में दवाइयां मिली थीं। इस पर विभागीय स्तर से जांच की गई लेकिन इसके कोई ठोस परिणाम नहीं निकले। यह मामला सूचना आयोग में भी पहुंचा। आयोग द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच सीबीआइ से कराने की संस्तुति की गई। शासन ने भी इस संबंध में सीबीआइ को पत्र भेजा।